St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

FOR GOD AND COUNTRY

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD,
KOLKATA – 700 019

Hindi Text (1st term) **Class**: 4 **Date**:04.07.2020

Topic- सच्ची मित्रता **Answer worksheet -3**

---

1) एथेंस में रहने वाले दोनों मित्र कैसे थे ?

उ) एथेंस में दो मित्र रहते थे | उनमें से एक का नाम पिथिअस था और दूसरे का नाम दामन था |दोनों बहुत बहादुर थे | वे नेकदिल भी थे और सबका अच्छा चाहते थे |दोनों पक्के मित्र थे और एक दूसरे के लिए अपनी जान देने को भी तैयार थे |

2) दामन नियत समय पर क्यों नहीं लौट सका ?

उ) दामन नियत समय पर नहीं लौट सका क्योंकि उसका पहला घोड़ा थक कर मर गया था |दूसरा घोड़ा खोजने में उसे बहुत समय लग गया |बड़ी मुश्किल से उसे एक साधारण घोड़ा मिला |उस घोड़े पर चढ़कर वह फाँसी की जगह पहुँच सका | अगर वह नहीं पहुँच पाता तो पिथिअस को फाँसी दे दी जाती |

3) दामन के वापस आ जाने पर पिथिअस खुश क्यों नहीं हुआ ?

उ) पिथिअस दामन की जगह फाँसी पर चढ़ने जा रहा था कि दामन वापस आ गया | उसे देखकर पिथिअस जरा भी खुश नहीं हुआ |वह अविवाहित था और उसके ऊपर किसी की जिम्मेदारी नहीं थी | दामन के बीवी - बच्चे थे , और उसके ऊपर उनकी पूरी जिम्मेदारी थी |इसलिए पिथिअस अपने मित्र के लिए अपनी जान देना चाहता था जिससे वह अपने परिवार की जिम्मेदारी निभा सके |

4) राजा ने दोनों की मित्रता से प्रभावित होकर क्या कहा ?

उ) राजा दोनों मित्रों की मित्रता देखकर बहुत प्रभावित हुए | उन्होंने मित्रता की ऐसी मिसाल पहले कभी नहीं देखी थी | राजा मंत्रमुग्ध सा उन्हें देखता रहा | फिर वह अपने आसन से उतरकर उनके पास आया |वह बोला कि उन दोनों में से किसी को भी मरना नहीं होगा |वे दोनों चाहें , तो उनके दोस्त बन सकते हैं |

Poonam Mehra